भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 971
उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

साथी – कोचिंग पोर्टल

971. श्री चिन्तामणि महाराजः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या छत्तीसगढ़ के आदिवासी पिछड़े सरगुजा क्षेत्र में शिक्षा के संबंध में अभी भी बहुत अधिक जागरूकता कार्य किए जाने की आवश्यकता है, ताकि वहां अध्ययनरत छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं विशेषकर जेईई, नीट की तैयारी कर सकें;
(ख) क्या इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिए स्व-मूल्यांकन परीक्षण और सहायता (एसएटीएचईई) नामक एक निःशुल्क कोचिंग पोर्टल शुरू किया गया है और क्या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रोफेसर इस ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देंगे;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या छत्तीसगढ़ के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सरगुजा में गरीब, अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित छात्रों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था शुरू की जा रही है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): उच्चतर शिक्षा विभाग ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से नवंबर 2023 में साथी (सेल्फ-असेसमेंट, टेस्ट एंड हेल्प फॉर एंट्रेंस एग्जामिनेशन) पोर्टल शुरू किया, ताकि सुरगुजा जिला, छत्तीसगढ़ सहित देश भर के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई, एनईईटी, एसएससी आदि के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान की जा सके।

यह मंच आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों सहित सभी छात्रों / शिक्षार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क शैक्षिक सामग्री और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

सामग्री प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शिक्षाविदों द्वारा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों/शिक्षार्थियों की मदद करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का योगदान देने हेतु बनाई गयी है । अब तक, पोर्टल पर 4 लाख से अधिक छात्रों/शिक्षार्थियों को पंजीकृत किया गया है।

मंच "सॉल्व विद मी", 60,000 से अधिक प्रश्नों के साथ मूल्यांकन मंच, एनसीईआरटी वीडियो समाधान, लाइव कक्षाएं और एनसीईआरटी आधारित शिक्षण आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। एआई आधारित उपकरण (चैटबॉट) को प्रभावी परीक्षा तैयारी रणनीतियों में मूल्यवान सुझाव प्रदान करने के लिए एकीकृत किया गया है। फीडबैक तंत्र एआई एकीकरण के साथ समर्थित है। जेईई, एनईईटी, एसएससी आदि से संबंधित सामग्री भी डीटीएच प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जाती है। छात्र वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

*****